Rajasthan Foundation
Connecting Non-Resident Rajasthanis

राजस्थान फाउण्डेशन पत्रिका

मई 2023

पृष्ठ संख्या - 22

माटी रौ सन्देश

प्रवासी राजस्थानियों को अपनी माटी से जोड़े रखने का अनुपम प्रयास

राजस्थान खुशहाली के पथ पर अग्रसर

Scan me

Rajiv Gandhi Scholarship for Academic Excellence

Rajiv Gandhi Scholarship for Academic Excellence

In the speech of “Budget 2023-24” Hon'ble Chief Minister **Shri Ashok Gehlot** announced that the number of student seats under the **"Rajiv Gandhi Scholarship for Academic Excellence Scheme"** has been increased from **200 to 500**.

Another step by the visionary CM towards the betterment of students of Rajasthan.

राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना-2021

राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर अकेडमिक एक्सीलेंस योजना

विदेश में शिक्षा का सपना सच हुआ

RGS Scheme Website

RGS Scheme FAQS

सत्यमेव जयते

मुख्य मंत्री
राजस्थान

संदेश

प्रिय राजस्थानी प्रवासियों !

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि प्रदेश के चहुमुखी विकास और नवाचारों के साथ प्रवासी राजस्थानियों के लिए आयोजित कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी कराने के उद्देश्य से राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जा रहा है।

राज्य सरकार की राजीव गांधी स्कॉलरशिप योजना के तहत विदेश में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को हमारे प्रवासीजन द्वारा भावनात्मक प्रोत्साहन देना अपने आप में सराहनीय है राजस्थान फाउण्डेशन के माध्यम से विद्यार्थियों का मुख्य सचिव से संवाद के दौरान प्रवासीजन द्वारा सहयोग और अपणायत दर्शाना भी प्रेरणादायक है।

प्रवासीजन का परोपकार और प्रदेश के विकास में सकारात्मक सहयोग अनुकरणीय है। इन्वेस्ट राजस्थान समिट के दौरान प्रवासीजन द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विकास के लिए 271 करोड़ रुपये का योगदान उल्लेखनीय कदम है।

हाल ही सूडान संकट के समय प्रवासीजन की सकुशल घर वापसी में राजस्थान फाउण्डेशन की तत्परता और प्रवासी भाई बन्धुओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है।

प्रवासीजन के हित में राज्य सरकार द्वारा एन.आर.आर. पॉलिसी लागू की गई है। इसके तहत योजनाओं को धरातल पर लाने के पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। इस नीति से जुड़ी विस्तृत जानकारी से शीघ्र अवगत कराया जाएगा जिससे आप और हमारे सम्बन्ध और अधिक प्रगाढ़ हो सकेंगे।

मुझे विश्वास है कि प्रदेश की जनता के स्नेह, सद्भाव और विश्वास के साथ प्रवासीजन के प्रदेश के विकास के प्रति रुझान से राजस्थान और अधिक तेज गति से विकास का नया इतिहास रचने में सफल हो सकेगा।

आशा है प्रवासीजन का प्रदेश की जनता के प्रति यह भावनात्मक सम्बन्ध लगातार मजबूत होता रहेगा।

शुभकामनाओं सहित,

सद्भावी

(अशोक गहलोत)

Rajasthan Venture Capital Fund

Achievements | Government-New Initiatives | **Budget Announcements** | Cabinet Decisions | Jan Ghoshana Patra - 2018

- राज्य में आयात-निर्यात की सुविधा एवं व्यापार संवर्धन हेतु राजसिकों के माध्यम से जयपुर में नवीन एयर कार्गो पटिसर का निर्माण करवाया जायेगा।
- पचपदरा-बाड़मेर में Inland Container Depots की स्थापना की जायेगी।
- बीकानेर में Inland Container Depots की स्थापना की जायेगी।
- किशनगढ़-अजमेर में टीको के इकाई कार्यालय की स्थापना की जायेगी।
- उद्यमियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से टीको क्षेत्र में भूखण्ड आवंटी द्वारा भूमि की एकमुश्त देय समस्त बकाया प्रीमियम राशि 30 सितम्बर, 2023 तक जमा कराये जाने पर देय ब्याज राशि में 60 प्रतिशत की छ...
- उद्यमियों एवं निवेशकों को सुविधा प्रदान करने के लिए जालोर एवं मण्डोर-जोधपुर में RIICO के इकाई कार्यालय स्थापित किये जायेंगे।

BUDGET ANNOUNCEMENT

Industries & Commerce Department (1)

Financial Year

2023-2024

प्रदेश के युवाओं को Startups तथा आधुनिकतम तकनीक आधारित उद्योगों को स्थापित करने के लिए Rajasthan Venture Capital Fund (RVCF) के तहत 250 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करवायी जायेगी।

Honourable Chief Minister **Shri Ashok Gehlot** in his **'Budget 2023-24'** speech announced an amount of **250 crores** to handhold the startups through the **Rajasthan Venture Capital Fund**.

Budget Announcement For Startups

Rajasthan Financial Corporation

धीरज श्रीवास्तव
आयुक्त
राजस्थान फाउण्डेशन

प्रिय प्रवासियों,

राजस्थान फाउण्डेशन आप सभी लोगों के सहयोग से निरंतर अपने पथ पर आगे बढ़ रहा है। हमारी पिछले कुछ महीनों की यात्रा की झलक आपको इस न्यूज़ लैटर के संस्करण के ज़रिये पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

हमारे प्रवासी राजस्थान का अभिन्न अंग है, आप सदैव भावुकता के साथ अपने प्रदेश से जुड़े रहे हैं। इसी संबंध को मज़बूत करने का प्रयास राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा हमेशा से किया जाता रहा है। हम कई कार्यक्रमों के माध्यम से एक मंच पर आये। इस वर्ष की भी शुरुआत बड़े उत्साह के साथ आप लोगों से प्रवासी भारतीय दिवस के दौरान मिलकर हुई।

राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो 2023 के ज़रिये राजस्थान फाउण्डेशन ने व्यापार और निवेश के क्षेत्र में प्रवासी राजस्थानियों के साथ एक बहुत बड़ा मंच साझा किया। जिसमें हमारे प्रवासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और राजस्थान से जुड़ी कलाओं को विश्व पटल पर लाने का मौका मिला।

हम समय-समय पर प्रवासी राजस्थानियों से वार्तालाप भी करते रहते हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि विभिन्न कार्यक्रमों से हम वर्चुअली भी जुड़े एवं जयपुर व दिल्ली स्थित राजस्थान फाउण्डेशन कार्यालय में भी मैंने अनेक विशिष्ट प्रवासियों से मुलाकात की। आपके सुझावों के परिणामस्वरूप हम आगे के सफर की रूपरेखा प्रभावी ढंग से तैयार करने का प्रयत्न करते हैं।

राजीव गांधी स्कॉलरशिप के ज़रिये विदेशों में पढ़ रहे विद्यार्थियों की राजस्थान की मुख्य सचिव एवं राजस्थान फाउण्डेशन से जुड़े प्रवासी मित्रों के साथ वार्तालाप राजस्थान के विद्यार्थियों के लिये प्रेरणादायी है जिसमें उन्हें इस बात का भरोसा दिलाया गया है कि जो विद्यार्थी विदेश के नामचीन संस्थानों में पढ़ना चाहते हैं, उनके सपनों को पूरा करने में राज्य सरकार पूरा सहयोग दे रही है, साथ ही परदेस में भी वे अकेले नहीं हैं, एनआरआर मित्रों के रूप में पूरा राजस्थानी परिवार उनके साथ है।

मैं हमारे प्रवासी राजस्थानियों के जज़्बे को सलाम करता हूं जो हर परिस्थिति में सदैव अपने देश और प्रदेशवासियों की सहायता के लिये खड़े रहते हैं, ये हमारे संस्कारों और परंपराओं का नतीजा है।

राजस्थान के लोगों ने सालों की मेहनत, सच्चाई और इज्जत के साथ ये मुकाम हासिल किया है। जिस पर राजस्थानी कवयित्री आशारानी लखोटिया जी ने बहुत ही सुंदर वर्णन करते हुये कहा है कि सिक्या चणां अर डोर लोट्यौ, लेकर निकल्या लोग, मेहनत अर सच्चाई इज्जत, पाई चारू मेर, जय जय राजस्थान म्हारा, जय जय राजस्थान।

हम राजस्थान को एक साथ मिलकर विश्व स्तर पर बड़े मुकाम तक लेकर जायेंगे, इन्हीं शुभकामनाओं सहित जय राजस्थान।

सूडान से लौटे प्रवासियों को छू गई राजस्थान सरकार की संवेदनशीलता

देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले प्रवासी और अप्रवासी भारतीयों के कल्याण और भलाई को अपना उद्देश्य मानने वाले राजस्थान फाउण्डेशन ने एक बार फिर देश दुनिया में बसे भारतीयों के लिए सेवा में प्रतिबद्धता की अपनी मिसाल पेश की है। भारत सरकार के द्वारा ऑपरेशन कावेरी के तहत भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाया गया। राजस्थान सरकार और राजस्थान फाउण्डेशन ने आगे बढ़ते हुए इन परेशानहाल लोगों के लिए संवेदनशीलता और अपनत्व का कर्तव्य निभाया।

सूडान से राजस्थानियों के लिए किये गए इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन में मुख्य आवासीय आयुक्त श्रीमती शुभ्रा सिंह, राजस्थान फाउण्डेशन के आयुक्त श्री धीरज श्रीवास्तव के अलावा राजस्थान एसोसिएशन ऑफ युगांडा के अध्यक्ष श्री भानु गुप्ता ने भी अपार सहयोग दिया। वास्तव में उनके प्रयासों से इन प्रवासियों को सुरक्षित अपने घरों तक पहुंच सकने के लिए सुगम मार्ग तैयार किया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में एनआरआर के मिले सहयोग में भी राजस्थान फाउण्डेशन का अपने कर्तव्यों और उद्देश्यों के प्रति कमिटमेंट झलकता है।

सूडान संकट की विकट परिस्थितियों से अपने प्रदेश लौटे 100 के करीब प्रवासियों के चेहरों पर संतुष्टि की मुस्कान राज्य सरकार के प्रयासों से ही खिल पाई। जिस सेवाभाव से माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने अपने प्रदेश के प्रवासियों की अगवानी की है वह सराहनीय है। भूख प्यास से जूझते हुए जो लोग वापस स्वदेश पहुंचे उनके लिए राज्य सरकार ने खान पान और रहने की व्यवस्था से लेकर अनके गंतव्य स्थानों तक ट्रांस्पोर्टेशन सर्विस को पूरी तरह नि:शुल्क कर दिया।

सूडान रेस्क्यू की झलकियाँ





Rajasthan International Expo 2023 Jodhpur

The first edition of the Rajasthan International Expo which was held at Jodhpur from March 20 to 22, 2023 was marked with energy, excitement and enthusiasm. With over 300 stalls and people from 18 countries, this event was a stunning success for traders as well as investors. It proved to be an excellent platform that will put Rajasthani products on the global map. The Rajasthan International Expo also had a cultural evening which built on old moments and made new memories. A wide range of business, investment and cultural opportunities were on offer in the beautiful city of Marwar.

Hon'ble Chief Minister, Shri Ashok Gehlot graced the first edition of Rajasthan International Expo-2023, Jodhpur. The Expo was an exclusive platform to showcase Rajasthani handicrafts and small industries which paved the road for future investment resulting in economic growth.

Our Rajasthani Pravasis also came forward to participate and made this event a huge success.

CA Shri Praveen Mehta who is an active member of the Rajasthani Pravasi family, attended the Rajasthan International Expo and shared his experience on the same. He also highlighted that the Expo has provided a platform for the sellers and buyers to meet on common ground.

Rajasthan Foundation was the co-organiser of the Expo which was an opportunity to explore the rich tapestry of Rajasthan's art, culture, and economy. Rajasthan offers a multitude of investment areas according to the interest of the potential buyers and this is being made more accessible through events like the Expo, which brings together investors as well as local businesses.

Rajasthan's locally made goods and products were showcased at the Rajasthan International Expo - 2023

Rajasthan International Expo Roadshow

Rajasthan Foundation organized a roadshow in Kolkata on March 1, 2023 with an aim to increase the participation of NRRs and international buyers at the Rajasthan International Expo 2023 which was held in Jodhpur from March 20 to 22, 2023.

The roadshow was addressed by Shri Rajiv Arora, Chairman, REPC along with Shri Dhiraj Srivastava, Commissioner, RF & Shri Mahendra Parakh, Commissioner, Industries and Commerce.

CRF Shri Dhiraj Srivastav also apprised our Pravasis that as a result of the policies and efforts implemented in a planned manner under the leadership of HCM Shri Ashok Gehlot, the tourism as well as industry sectors are getting a boost in the state, and events like the expo play an important role in many sectors.

A large number of Rajasthani Pravasis attended the road show held in Kolkata, which has gradually become "Mini Rajasthan". They gave their suggestions to make the Expo a success

RAJASTHAN
INTERNATIONAL
EXPO JODHPUR
20-22 March 2023
RAJASTHAN
INTERNATIONAL
EXPO JODHPUR
20-22 March 2023

RAJASTHAN
INTERNATIONAL
EXPO JODHPUR
20-22 March 2023

Rajasthan International Expo 2023 Vc with NRRS

Shri Dhiraj Srivastav
Commissioner, Rajasthan Foundation

"राजस्थान के लिए एक नया आयाम स्थपित करने की दिशा में हम लोग आगे बढ़ रहे हैं, जोधपुर में जो राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो करने का निर्णय हुआ है, यह अभी नहीं होता तो कभी नहीं होता।"

Shri Rajiv Arora
Chairman, RAJSICO & REPC

"मैं खास तौर से राजस्थान फाउण्डेशन को, धीरज श्रीवास्तव जी को और उनकी पूरी टीम को इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उन्होनें इतने शॉर्ट नोटिस के ऊपर पूरी दुनिया को एक कर दिया।"

Shri P. R. Sharma
CEO, Rajasthan Export Promotion Council

"पिछले कई वर्षों से माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो अयोजित करने की बजट घोषणा की जा रही थी। इसमें राजस्थान फाउण्डेशन हमारे आयोजक हैं और विदेश से जो बायर्स अमंत्रित करने हैं उसके लिए आपका सहयोग हमको अपेक्षित है।"

Inauguration of the Sculpture Park

The unique Sculpture Park was inaugurated at Bikaner House on 6th February 2023. The event was attended by many dignitaries from the world of art and culture.

The Sculpture Park is perfect for seeing the masterpieces in their natural and harmonious settings in the open-air exhibitions. This is just the beginning of the expansion of Bikaner House, which is a centre of art and will also take the creativity of the artists to the masses.



Commissioner, Rajasthan Foundation

Shri Dhiraj Srivastava

"This is a commendable achievement and will bring finest of art to common man along with inclusivity to the creative space while retaining the individuality of the artists. The park is a beginning of bringing together art and culture of our country as well connecting youth with the same."

बीकानेर हाउस में बिखरी आधुनिक एवं परंपरागत कला-संस्कृति की छटा



नई दिल्ली के बीकानेर हाउस परिसर में स्कल्पचर पार्क स्थापित किया गया है। परंपरागत कला संस्कृति से सराबोर बीकानेर हाउस में आधुनिक एवं समकालीन कला और संस्कृति की झलक लिए हुए स्कल्पचर पार्क का उदघाटन राजस्थान की मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने किया। राजस्थान की विरासत को संवारने और बढ़ाने की दिशा में बीकानेर हाउस में बना स्कल्पचर पार्क एक अभिनव प्रयास है। इससे युवाओं को प्रदेश की स्थापत्य कला, साहित्य एवं संस्कृति को पहचानने में मदद मिल रही है। राजस्थान फाउण्डेशन के आयुक्त श्री धीरज श्रीवास्तव का कहना है कि इस पार्क में आधुनिक और समकालीन आर्ट वर्क को एक प्लेटफॉर्म पर लाने का प्रयास राजस्थानी कल्चर को प्रमोट करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

Pravasi Bhartiya Divas-2023, Indore



Rajasthan Foundation Commissioner, Shri Dhiraj Srivastava and Mrs. Veenu Gupta, ACS (Industries & Commerce) attended the PBD where they interacted with Rajasthani Pravasis who had come in large numbers from various countries across the world.

Rajasthan Foundation Team interacted with Rajasthani Diaspora members at 17th PBD convention. The NRRs shared their views on exemplary initiatives taken by Rajasthan government to connect the NRR Community. Rajasthan Foundation Commissioner, Shri Dhiraj Srivastava interacted with the NRR community which had come from across the globe for the 17th Pravasi Bhartiya Diwas at Indore, Madhya Pradesh.

There was an interactive meet and greet session between Senior Government officials and Rajasthani Pravasis on the sidelines of the event.

This year our eminent NRR Shri Amit Lath was bestowed with the "Pravasi Bharatiya Samman Award", while previously one of our NRRs Shri Rajesh Chaplot had received this award.

Colours of Life

RF Commissioner, Shri Dhiraj Srivastava inaugurated the 'Colours of Life' art exhibition at Jawahar Kala Kendra, Jaipur. The art works by Shri Anil Gupta were inspired by the Covid times. CRF appreciated the thoughtful insights and philosophy behind the creative works, especially the concept of fighting with negativity during the pandemic.



राजस्थान इंटरनेशनल एक्स्पो प्रेस मीट

सूर्य नगरी जोधपुर में 20 से 22 मार्च 2023 तक राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो का आयोजन किया गया। माननीय मुख्यमंत्री, श्री अशोक गहलोत ने फीता काटकर तीन दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपोर्ट एक्सपो 2023 का उदघाटन किया। राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो में भाग लेने के लिए 28 देशों के 20 हजार विदेशी बायर्स को निमंत्रण भेजा गया था। इस अंतर्राष्ट्रीय एक्सपो में हस्तशिल्प से लेकर ज्वैलरी, सेरेमिक व अन्य उत्पादों को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया गया। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, श्रीमती शकुंतला रावत और आरईपीसी-राजसीको चेयरमैन, श्री राजीव अरोड़ा ने एक्सपो का लोगो एवं ब्रोशर लॉन्च किया। इस एक्सपो के द्वारा न केवल स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाज़ार मिला, बल्कि उनकी पहचान भी बनी। एक्सपो के आयोजन में राजस्थान फाउण्डेशन ने भी अहम भूमिका निभाई।

Bikaner House Dialogue

A highly anticipated event in the Art world, "Bikaner House Dialogue" was held in Delhi. Rajasthan Foundation Commissioner, Shri Dhiraj Srivastava was actively involved in the event preparations and a dedicated team worked tirelessly to ensure that every aspect of the event ran smoothly as well as provided a memorable experience to all attendees.

राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपोः
नॉन-रेजिडेंट राजस्थानियों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

REPC और राजस्थान फाउण्डेशन (RF) के संयुक्त संयोजन में जोधपुर में पहली बार राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो-2023 का आयोजन किया गया। इसके लिए राजसिको चैयरमेन, श्री राजीव अरोड़ा और राजस्थान फाउण्डेशन आयुक्त, श्री धीरज श्रीवास्तव ने वीसी के माध्यम से दुनिया भर में बसे प्रवासी राजस्थानियों से इस एक्सपो एवं इससे जुड़े विजन पर चर्चा की। साथ ही आयोजन की सफलता के लिए सुझाव भी मांगे। वीडियो कॉन्फ्रेंस में नॉन-रेजिडेंट राजस्थानियों ने अपने मूल्यवान सुझाव देकर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजस्थानी प्रवासियों के लिए जोधपुर में आयोजित हुआ ये आयोजन अपने आप में अनूठा और इस तरह का पहला सफल आयोजन रहा।

Golden Jubilee Rourkela

Rajasthan Foundation Commissioner, Shri Dhiraj Srivastava was the Guest of Honour at the Golden Jubilee Celebration of Rajasthan Parishad at Rourkela. The event had multiple hues of Rajasthani culture and the Commissioner acknowledged as well as appreciated the everlasting bonds of Rajasthanis residing in Rourkela with their homeland. With a large population of Marwadis in Rourkela, this celebration was an extension of Rajasthani Pravasi family , which is growing worldwide each day. The most precious moment was the meeting of the Commissioner with the 90-year -old Shri Kashi Prasad Jhunjhunwala, who was the first to set up Orind Refractories, an industrial unit in the area, as well as a respected freedom fighter.

राज्य के विकास में बढ़ता प्रवासियों का योगदान

राज्य के सामाजिक विकास में प्रवासी राजस्थानियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एनआरआर कॉन्क्लेव के दौरान प्रवासियों के साथ सामाजिक सरोकार और परोपकार के कार्यों के लिए राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा एलओआई पर हस्ताक्षर किए गए थे। इन एलओआई (LOI) के तहत 271 करोड़ रुपये के समझौते किए गए।

इन एलओआई के परिणाम स्वरूप चूरू की सुजानगढ़ तहसील के ग्राम थेरडा में 150 करोड़ रुपये की लागत से 300 बिस्तरों वाले 'मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रोजेक्ट' के शुभारंभ में राजस्थान फाउण्डेशन ने सेतु का काम किया। फाउण्डेशन ने संबंधित विभागों के साथ संपर्क करके इस महत्वाकांक्षी परियोजना का मार्ग भी प्रशस्त किया।

अपनी मिट्टी से जुड़ने का प्रयास कर रहे प्रवासी राजस्थानियों के इस जज्बे की राजस्थान फाउण्डेशन सराहना करता है।

प्रवासी राजस्थानी हमेशा से राज्य के विकास और समृद्धि में योगदान देने के लिए की जाने वाली उदार गतिविधियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज और अस्पताल स्थापित करने के साथ ही स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए हैं और ज़रूरतमंद परिवारों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। इसके अतिरिक्त कठपुतली और लोक संगीत जैसी पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देकर प्रवासियों ने राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में भी काम किया है। राजस्थानी प्रवासियों ने अपनी परोपकारी पहलों से अपने गृह राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे कई लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हमारे दो प्रबुद्ध प्रवासी राजस्थानी डॉक्टर्स ने जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में एक पुस्तकालय और एक खेल परिसर बनाने में अपना योगदान दिया है। यूएसए के डॉ राजेन्द्र बंसल ने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में लगभग 9000 वर्ग फीट में बनने वाले दो मंजिला पुस्तकालय भवन के निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपये का दान दिया है। डॉ राजेंद्र बंसल ने

पढ़ाई भी एसएमएस मेडिकल कॉलेज से की है और वे लगभग चार दशकों से अधिक समय से चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। एक चिकित्सक के रूप में डॉ बंसल जुपिटर, फ्लोरिडा और क्षेत्र के कई अस्पतालों से संबद्ध हैं। डॉ बंसल और उनके परिवार ने अपनी मातृभूमि की समृद्धि और विकास में निरंतर योगदान दिया है।

हमारे प्रवासी परिवार के एक और सदस्य यूएसए के ही डॉ. रोहित डांडिया ने लगभग 6000 वर्ग फीट की दो मंजिला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग के लिए 2 करोड़ रुपये का सहयोग दिया है। कॉलेज परिसर में राजस्थान मेडिकल एलुमनाई एसोसिएशन के माध्यम से पुस्तकालय व खेल परिसर का निर्माण किया जाएगा। इन भवनों का शिलान्यास 10 मार्च, 2023 को किया गया। जिसमें दोनों प्रवासी दानदाता स्वयं, उनके परिवारजन एवं एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. राजीव बगरहट्टा, अतिरिक्त प्राचार्य डा. बी.एल. कुमावत, मुख्य समन्वयक डॉ. आई.डी. गुप्ता, वित्तीय सलाहकार श्री सुनील सोनी, श्री एम पी गुप्ता (सेवानिवृत्त अधिकारी, राजस्थान लेखा सेवा) व एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अन्य फैकल्टी सदस्य शामिल रहे।

Women's Day

Our NRR women are an extremely important part of our Pravasi family who ensure that the roots of Rajasthan are nurtured across the globe. On the occasion of International Women's Day, many of them shared their thoughts on being Rajasthani through a social media campaign on Rajasthan Foundation pages.

Smt. Shweta Loonkar who is based in Dubai shared her thoughts on International Women's Day and being a proud Rajasthani Woman.

Smt. Deepti Kataria settled in Egypt shared her thoughts on International Women's Day about the importance as well as the role of women in society.

Smt. Ayushi Purohit based in Canada shared her perspective on the relevance of International Women's Day and being connected with her Rajasthani roots.

महंगाई राहत कैम्प
महंगाई और बेरोज़गारी से राहत की दिशा में राजस्थान की पहल

माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य ने अपनी प्रमुख पहल 'महंगाई राहत' शिविरों की शुरुआत की। राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को सुलभ कराने और लोगों को मंहगाई से राहत दिलाने के उद्देश्य से ये शिविर प्रदेश भर में 24 अप्रैल से 30 जून तक लगाए जा रहे हैं।

अब तक इन शिविरों को जबरदस्त सफलता मिली है और 1 करोड़ से अधिक परिवार इससे लाभान्वित हो चुके हैं।

राज्य के 3 करोड़ से अधिक लोगों के पास अब 'मुख्यमंत्री गारंटी' कार्ड हैं, जो उन्हें 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली और 500 रुपये में गैस सिलेंडर सहित कई प्रकार के लाभ प्रदान कर रहे हैं।

इन शिविरों की सफलता में राजस्थान फाउण्डेशन आयुक्त, श्री धीरज श्रीवास्तव की भी अहम भूमिका रही है। उन्होंने सिरोही, पाली, जालौर, अजमेर और ब्यावर सहित राज्य के विभिन्न जिलों के शिविरों का दौरा करने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

उनके इन दौरों से जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने और अधिक से अधिक लोगों को इनके प्रति जागरूकर करने में मदद मिली है।

बढ़ती महंगाई से बुरी तरह प्रभावित राजस्थान के लोगों को राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत और राजस्थान फाउण्डेशन आयुक्त, श्री धीरज श्रीवास्तव के प्रयास प्रशंसनीय रहे हैं। इन महंगाई राहत शिविरों की सफलता ही अपने नागरिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

अखबारों की सुर्खियों में राजस्थान फाउण्डेशन

सूडान हिंसा में फंसे हैं 40 राजस्थानी

राज्य सरकार ने सूचना के लिए जारी किए हेल्पलाइन नंबर

बेधड़क | जयपुर

[illegible]

हेल्पलाइन नंबर
+91 83060 09838,
0141-2229111
011-23070807

40 FROM RAJASTHAN STRANDED IN SUDAN

Gehlot government issues helpline numbers

Dial +91 8306009838, 0141-2229111, 011-23070807

Aditi Nagar

The government is committed to ensuring the safety of its citizens stranded in violence-hit Sudan and issued a list of helpline numbers for those in need of assistance.
—Ashok Gehlot, CM

CM MEETS VENU

CM Ashok Gehlot met Congress Organization general secy KC Venugopal for about half an hour. Gehlot had reached KC Venugopal's house at around 5 pm and during the meeting, there was a discussion between the two on the organisation and power of the state. Consultation also occurred between 2 regarding Karnataka polls as well.

New Delhi: Chief Minister Ashok Gehlot, who is on a Delhi tour, said on Saturday said that his government is serious about migrants trapped in Sudan and making efforts to bring them back. On his directions, the Rajasthan Foundation Office and Office of the Resident Commissioner, New Delhi issued helplines.

In light of the conflict, the Bikaner House Resident Commissioner's Office has released helpline numbers for those in need of assistance or information, the statement said.

The ACS (Coordination) cum Chief Resident Commissioner, Bikaner House, Shubhra Singh, has requested Non-Resident Rajasthanis (NRRs) to contact the helpline numbers provided on social media channels and the website of the Rajasthan Foundation, it said.

Dhiraj Srivastava, resident commissioner (Bikaner House) in Delhi and commissioner, Rajasthan Foundation, attended a meeting with MEA officials in the national capital to discuss the current situation and ensure that all Rajasthanis in Sudan receive the necessary assistance.

सूडान से आए लोगों को घर तक छोड़ेगी प्रदेश सरकार

जयपुर। सूडान से लौटने वाले राजस्थानियों को दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद राजस्थान सरकार अपने खर्चे पर घर तक छोड़ेगी। राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हिंसा प्रभावित सूडान में राजस्थानियों की सुरक्षा और निकासी सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। उनके प्रयासों से ही हम विदेश मंत्रालय को प्रभावित राजस्थानियों के बारे में प्रामाणिक जानकारी देने वाले सर्वप्रथम राज्य बने। विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लगभग 500 भारतीयों को विभिन्न तरीकों से खार्तूम से पोर्ट सूडान ले जाया गया। उन्हें हवाई मार्ग से दिल्ली लाया जाएगा।

प्रवासियों को घर तक पहुंचाएगी सरकार

सूडान में फंसे 24 राजस्थानी प्रवासी पहुंचे दिल्ली

बेधड़क | जयपुर

सूडान में जारी संकट के बीच वहां फंसे भारतीयों को निकालने के लिए अभियान जारी है। इस बीच शुक्रवार को सूडान से भारतीयों को लेकर सी 17 ग्लोबलमास्टर फ्लाइट दिल्ली पहुंची, जिसमें 24 राजस्थानी भी शामिल हैं। राजस्थानी प्रवासियों को पालम एयरफोर्स स्टेशन एयरपोर्ट पर राजस्थान हेल्प डेस्क पर रिसीव किया गया। जहां मुख्य आवासीय आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह एवं राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव ने फूल-मालाओं से राजस्थान के लोगों का स्वागत किया तथा उन्हें उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। शुभ्रा सिंह ने बताया कि पालम एयर फोर्स स्टेशन पर पहुंचे इन 24 प्रवासी राजस्थानियों में बाड़मेर, जोधपुर, हनुमानगढ़, जयपुर, टोंक और झुंझुनू के निवासी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन लोगों को राज्य सरकार द्वारा अपने खर्चे से कारों के माध्यम से उनके गंतव्य तक पहुंचाने और खान-पान की सारी व्यवस्थाएं की गई हैं। धीरज श्रीवास्तव ने कहा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर हेल्प डेस्क के साथ-साथ आने वाले प्रवासियों को घर तक पहुंचाने के लिए सभी संबंधित सुविधाओं का बेहतरीन इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय और राजस्थानी फाउंडेशन के प्रयासों से करीब 65 के आसपास प्रवासी राजस्थानी सूडान में फंसे होने की सूचना मिली थी। इनमें से 62 प्रवासी को राजस्थान सरकार के सहयोग से उनके परिवारजनों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा

सूडान में युद्ध में फंसे राजस्थान के कामगारों की आपबीती

खाना खाकर सो रहे थे अचानक धमाके...और लूटपाट शुरू हो गई

29 लोग देर रात सकुशल दिल्ली पहुंचे

इमरान शेख | जयपुर

सूडान में छिड़े गृह युद्ध से वहां काम कर रहे राजस्थान के लोगों ने भी पीड़ा झेली है। युद्ध के बीच देर रात सकुशल दिल्ली पहुंचे डीडवाना के रहने वाले सुनील ने युद्ध का मंजर याद करते हुए बताया कि 15 अप्रैल की रात काम से आकर खाना खाया और आराम कर रहे थे। सुनील सूडान के खार्तूम शहर में स्टील प्लांट में तीन साल से काम कर रहे थे। उस रात लगे थे कि अचानक आसमान में फाइटर जेट, मिसाइल और बम धमाकों की आवाज आने लगी। ये देख घबराहट सी गई, हम 27 लोग थे। जैसे-तैसे करके रात गुजारी, लेकिन उससे भी बुरा हमारा दूसरा दिन गुजरा, वहां के स्थानीय लोगों ने गन पॉइंट पर लूटपाट शुरू कर दी। उन्होंने हमारी गाड़ियां, पैसे और अन्य सामान लूट लिया। ये देख हम बहुत डर गए। बिना खाने के 2 दिन गुजारे, लेकिन हालात बिगड़ते ही जा रहे थे। 18 अप्रैल को छिपते-छिपते भारतीय दूतावास से संपर्क साधा और इंडिया भेजने की गुहार लगाई। दूतावास ने तुरंत मुझे और अन्य लोगों को वहां से निकाला। इधर परिवार वालों को यहां के हालात के बारे पता चला तो वो घबरा गए। हालांकि दूतावास के अधिकारियों ने धैर्य बनाये रखने और सकुशल देश भेजने का वादा किया था। परिवार वालों को यही समझाया। भारतीय दूतावास ने हम 29 लोगों को जहाज के जरिए समुद्री रास्ते से सऊदी अरब के शहर जेद्दा भेजा। वहां से दुबई और सऊदी एयरलाइन से देर रात दिल्ली पहुंचे। परिवार वालों को दिल्ली पहुंचने की जानकारी दी तब जाकर जान में जान आई।

दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद राजस्थान के लोग।

सूडान से वापसी: लौटने वालों में 29 राजस्थानी

'आरएसएफ ने सीने पर राइफल रखी, छीन लिए मोबाइल-पैसे'

दिल्ली एयरपोर्ट पर बुधवार को सूडान से लौटे राजस्थानी।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. सूडान में संघर्षरत गुटों के बीच 72 घंटे के सीजफायर के ऐलान के बाद वायुसेना के विमान से करीब 360 भारतीयों का जत्था स्वदेश लौटा है। इनमें राजस्थान के 29 लोग शामिल हैं। सूडान से लौटे भारतीयों ने आपबीती सुनाई। उन्होंने कहा कि वहां खाने का इंतजाम मुश्किल से हो रहा था। एक भारतीय ने बताया, रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) की टेंट हमारी कंपनी के पास लगाए गए थे।

पढ़ें आरएसएफ @ पेज 16

घर तक पहुंचाएगी राजस्थान सरकार

राजस्थान सरकार सूडान से लौट रहे राजस्थानियों को उनके घर तक पहुंचाएगी। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमानों से 29 राजस्थानी लौटे हैं। इनके स्वागत के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव व मुख्य आवासीय आयुक्त शुभ्रा सिंह व राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव एयरपोर्ट पहुंचे।

Seven rescued from Sudan land in State

[illegible]

Sudan evacuees from Raj to reach home at state govt's expense

Around 500 Indians were shifted from Khartoum to Port Sudan through different means from where they are on their way to Jeddah in Saudi Arabia. From Jeddah, IAF's aircraft would take them to Delhi

[illegible]

40 from state stuck in Sudan, govt promises help

RAJ HELPLINES

[illegible]

'Meet & Greet' organised for Non-Resident Rajasthanis

First India Bureau

Jaipur: A 'Meet and Greet' programme was organized for the Non-Resident Rajasthanis (NRIs) who had come to participate in the three-day Pravasi Bhartiya Divas convention. The event organised at Hotel Sayaji in Indore, was addressed by the Additional Chief Secretary, Industries, Government of Rajasthan, Veenu Gupta, and Commissioner, Rajasthan Foundation, Dheeraj Srivastava. On this occasion, about 40 from Kuwait, Kenya, Qatar, Uganda, Poland, the United States of America, England, Dubai and many other countries participated.

Veenu Gupta said that, "Our new NRI policy is based on the concept of five 'C' - Connect, Culture, Community, Care, and Contribution. The focus has been on connecting NRIs & their contribution to the development of the state."

Veenu Gupta & Dhiraj Srivastava addressing the Pravasi Bhartiya Divas convention at Hotel Sayaji in Indore on Monday.

आरजीएसएफएई स्कीम के लाभान्वितों ने साझा किए अनुभव

■ विदेशों में पढ़ने वाले राजस्थानी विद्यार्थियों ने रखी अपनी बात

जयपुर, 27 फरवरी (ब्यूरो): प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालयों में पढ़ाई करने की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए राजस्थान सरकार की ओर से राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना की शुरुआत की गई है। 27 फरवरी को राजस्थान फाउंडेशन आयुक्त धीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी लाभान्वित विद्यार्थियों के साथ ऑनलाइन वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें उषा शर्मा मुख्य सचिव राजस्थान, वीनू गुप्ता, अति. मुख्य सचिव, भवानी सिंह देथा, प्रमुख सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, सुनील शर्मा, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों, उनके परिजनों व एनआरआर मित्रों के साथ बातचीत की। सभी बच्चों ने राजस्थान सरकार की इस योजना से होने वाले लाभ गिनाए। वहीं एनआरआर मित्रों ने बच्चों की विदेश में हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय से पीजी कर रहे कोटा निवासी देवांग जैन ने कहा कि यह स्कीम बहुत ही मददगार साबित हुई है। इससे विश्वस्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। ऑस्ट्रेलिया की मेलबर्न यूनिवर्सिटी से डेटा साइंस में बीएससी कर रहे दक्ष अग्रवाल ने योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं को सोच से परे बताया। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से इंग्लिश लिटरेचर में पीएचडी कर रही अदिति उपमन्यु ने कहा कि बचपन से ही ऑक्सफोर्ड में पढ़ने का सपना था जो इस स्कॉलरशिप के जरिए पूरा हुआ है। वहीं कनाडा में पढ़ रही अंशिका कालरा, हांगकांग में पढ़ रहे रमन गुप्ता समेत अन्य छात्रों ने भी अपने विचार साझा किए। छात्र रक्षित राज के पिता ने वार्ता के दौरान कहा कि यह योजना सरकार का सराहनीय कदम है, आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद बच्चे का विदेश में पढ़ने का सपना पूरा हुआ।

मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। जो होनहार छात्र अभावों के चलते विदेशों में पढ़ाई नहीं कर पाते ये योजना उनके सपने पूरे करेगी। राजस्थान फाउंडेशन और एनएनआर मित्र इन बच्चों व प्रवासी राजस्थानियों को पारिवारिक माहौल उपलब्ध करवा रहे हैं।

बीकानेर हाउस में बनाया अनोखा स्कल्पचर पार्क

[illegible]

सीएस उषा शर्मा ने किया उद्घाटन

स्कल्पचर पार्क में कला-संस्कृति की दिखेगी झलक

इन कलाकृतियों को किया प्रदर्शित

[illegible]

बीकानेर हाउस में स्कल्पचर पार्क स्थापित

[illegible]

CS: GOVERNMENT WON'T LEAVE ANY STONE UNTURNED IN ENHANCING HERITAGE

Max youth being involved under 'India Art Fair' & Bikaner House: Dhiraj Srivastava

First India Bureau

New Delhi: Taking a step towards developing New Delhi's Bikaner House as a culture hub in the national capital, a Sculpture Park has been built in its premises. Chief Secretary Usha Sharma inaugurated the Sculpture Park, which has a glimpse of modern and contemporary art and culture. Sharma said that she is happy that the foundation stone of this Sculpture Park was laid during the India Art Fair & she was privileged to have inaugurated it. She said that contemporary art is being displayed by young artists through such events, & senior artists are getting a chance to recognize architecture & stay connected to the roots. Congratulating all 'artists' and entire team of Bikaner House, Sharma said that she hoped that according to Raj govt's priority, there will be no shortage in enhancing heritage & new initiatives will continue to be taken. Resident Commissioner Dhiraj Srivastava, State's ACS & Chief Resident Commissioner in Delhi Shubhra Singh were present.

Usha Sharma tours the Sculpture Park at the Bikaner House in New Delhi. Also seen is Shubhra Singh, Dhiraj Srivastava & others.

A unique initiative is the launch of 'Bikaner House Dialogues' in association with eminent personalities on issues related to art, literature, culture and heritage, along with the launch of Sculpture Park at Bikaner House. With this, apart from being successful in raising the issues related to these subjects, it will also be possible to make a detailed evaluation.
—Usha Sharma, CS

Under the aegis of 'India Art Fair' and Bikaner House, large scale participation of the young generation is being ensured and this is also determining the future direction of art literature. This Sculpture Park of Bikaner House is one of a kind in the capital, which will prove to be a milestone in providing platform to modern and contemporary art work.
—Dhiraj Srivastava, Resident Commissioner

We are making constant efforts to uphold the tradition and bring our people together.

Rajasthan Foundation
Connecting Non-Resident Rajasthanis

We Welcome Your Suggestions and Feedback

RASA Rajasthan Association South Africa

Rajasthan Association of Scotland

Rajasthan Association of Kenya

Rajasthan Association USA

Maheshwari Mahasabha of North America MMNA

Rajasthan Association Germany RAG

RA Rajasthani Association

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
All India Marwari Federation

KMYF Estd. 1981

RANI

Marwari Mitra Mandal

RBPG

Jodhpur Association Mumbai

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच

Rajputana Rawla of America

Rajasthan Association

Rajasthan Darpan Kuwait

RANA Canada

RANA Rajasthan Association of North America San Francisco Bay Area

Jaipur Office : Yojana Bhawan, Yudhishthir Marg, C-Scheme, Jaipur-302005 Rajasthan (INDIA) Phone : +91-141-2229111, 2222671

New Delhi Office : Bikaner House, Pandara Road, New Delhi 110003, Phone : +91-11-23070807

Email : rajfound-rj@nic.in, rajfoundation@rajasthan.gov.in, Website : www.foundation.rajasthan.gov.in

rajfound_rj RajasthanFoundationRF RajFound

Scan me